# नाली पर कब्जा, ननि अमला बेखबर !

## बस स्टैण्ड एवं एसबीआई मार्ग तिराहा के वार्ड क्रमांक- 40 का मामला, जांच की मांग

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 31 जनवरी । जिला मुख्यालय बैढ़न के सबसे व्यस्त मार्ग बस स्टैंड-एसबीआई ब्रांच के समीप शासकीय नाली पर हवेली आलीशान भवन संचालक ने कब्जा कर लिया। वहीं इस मामले में नगर निगम अमला बेसूध है, या फिर जानबूझकर अनजान बनते हुये अतिक्रमणकारी को मौन स्वीकृति दे दी है। आलम यह है कि नाली पर आलीशान भवन संचालक ने विधिवत ढलाई भी किया है और सड़क के किनारे कई महीनों से निर्माण सामग्री फैला रखा है। फिर भी नगर निगम के अतिक्रमण दस्ते को दूर-दूर तक दिखाई नही दे रहा है।**





बताया जाता है कि यह नाली वर्षों से मुख्य मार्ग की जल निकासी का अहम साधन रही है। नाली के अंश भाग पर ढलाई होने से भविष्य में नालियों की साफ-सफाई करने में ननि के सफाई कर्मियों को ही संघर्ष करना पड़ेगा। जबकि इस नाली से अंतर्राज्यीय बस स्टैण्ड बैढ़न तक का भी पानी का बहाव इसी नाली से गुजरता हुआ समीप के नाली में पहुंचता है। ऐसे हालात में यदि नालियां जाम हुई तो कचरा व गंदा पानी सड़क पर भी फैल सकता है। यहां बताते चले कि शहर के बीचो-बीच स्थित यह इलाका वार्ड क्रमांक 40 के अंतर्गत आता है, जहां से ननि के अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों का नियमित आना-जाना बना रहता है। इसके बावजूद न तो ढलाई रोकी गई और न ही अतिक्रमण हटाने की कोई ठोस कार्रवाई सामने आई है। मामला यहीं तक सीमित नहीं है। इसी परिसर संचालक पर बिलौंजी क्षेत्र में भी अतिक्रमण करने के आरोप पहले से लगे हुए हैं। वार्ड पार्षद संतोष शाह दडोली द्वारा नगर निगम परिषद की बैठकों में इस विषय को कई बार जोर-शोर से उठाया गया, लेकिन आज तक यह स्पष्ट नहीं हो सका कि उस मामले में कोई जांच हुई या नहीं और यदि हुई तो उसका निष्कर्ष क्या रहा।

इधर उक्त मामले में ननि अतिक्रमणदस्ता की इस चुप्पी ने लोगों के बीच संदेह को और गहरा कर दिया है। स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि यदि कोई गरीब या सामान्य व्यक्ति नाली या शासकीय भूमि पर मामूली अतिक्रमण कर ले, तो नगर निगम का अमला तुरंत कार्रवाई करता है, लेकिन जब मामला रसूखदारों से जुड़ा हो, तो नियम-कानून ढीले पड़ जाते हैं। यही दोहरी नीति अब नगर निगम सिंगरौली की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर रही है।

### निर्माण सामग्रियां भी सड़क के किनारे

भवन निर्माण के सामने निर्माण सामग्रियां सड़क के किनारे रखी हुई थी। मिक्सर मशीन भी सड़क पर है और फिर कई महीनों से करीब दुकान के सामने सड़क के किनारे फुटपाथ वाले स्थान पर निर्माण सामग्री होने से वाहनों को आने-जाने दिक्कतें हुई हैं और आने वाले दिनों में यह समस्या और भी समस्या खड़ी हो सकती है। वहीं आरोप लगाया जा रहा है कि नगर निगम अमला अतिक्रमण हटाओं दस्ता इतने दिनों तक अनजान कैसे बना रहा। आमजन इसपर सवाल उठाने लगे हैं। हालांकि नाली पर अतिक्रमण किया गया है कि नही इसे तो ननि अमला ही बताएगा। परंतु चर्चाएं यही की जा रही है कि नाली पर स्लैब डालने व ढलाई करने का कार्य आलीशान भवन दुकान के संचालक के सहमति से ही किया गया है।

### बिलौंजी तिराहा में अतिक्रमण का भी उठ चुका है मुद्दा

बैढ़न के तिराहा वार्ड क्रमांक 42 में सड़क के किनारे लम्बी-चौड़ी दुकानों के निर्माण कराए जानों को लेकर पार्षद संतोष शाह ददोली के द्वारा नगर निगम सिंगरौली के परिषद की बैठको में कई बार उक्त दुकानों के निर्माण पर सवाल उठाते हुये कहा था कि नगर निगम के जमीन में कब्जा किया गया है। नगर निगम अमला कार्रवाई करने से परहेज करता है। पार्षद के द्वारा इस तरह के आरोप एक नही, कई बार परिषद की बैठको में उठाया गया। नतीजा ढाक के पात निकला। दुकानें अतिक्रमण है, की नही, उसका आज तक स्पष्ट नही हो पाया। यदि हुआ भी है तो ननि के फाइलों तक ही सीमित रहा। दुकानें अतिक्रमण है कि नही, इसे तो नगर निगम के अधिकारी ही बताएंगे। परंतु अब बैढ़न में उक्त आलीशान दुकानों के निर्माण के दौरान नाली पर कब्जा पर सवाल उठ रहे हैं।





# नेशनल सुपर मास्टर्स गेम्स में 59 वर्षीय डॉ. विनोद राय ने जीते दो स्वर्ण पदक

## महाराष्ट्र प्रांत के पुणे में आयोजित हुई प्रतियोगिता

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 31 जनवरी । महाराष्ट्र के पुणे में आयोजित 8वें राष्ट्रीय सुपर मास्टर प्रतियोगिता में शास. महावि. बरगवां में वरिष्ठ क्रीड़ा अधिकारी डॉ. विनोद कुमार राय ने पंजा कुश्ती एवं शक्ति उत्तोलन प्रतियोगिता में शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए 59 वर्ष 10 माह की आयु में भी दो स्वर्ण पदक हासिल कर एवं महाविद्यालय का नाम रोशन किया।**

यह प्रतियोगिता पुणे के हेंडगेवार क्रीड़ा संकुल में आयोजित हुई और बीती रात प्रतियोगिता समाप्त हुई। इस गेम्स में इन्होंने कुल तीन पदक प्राप्त किए। दो स्वर्ण पदक एवं एक कांस्य पदक । बताया जा रहा है कि फरवरी में इन्हें अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में यूएई में शिरकत करेंगे। वहीं इस वर्ष की अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता जापान में होगी। इसमें भी डॉ. विनोद कुमार राय का चयन हो चुका है। इनकी इस उपलब्धि से सिंगरौली के जिला कुश्ती संघ के अध्यक्ष एसडी सिंह , अमित राज व खेल प्रेमी सहित अन्य ने हर्ष व्याप्त है।

### एक नजर में

#### भूमि अधिग्रहण प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष बने देवेन्द्र पाठक



**सिंगरौली।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देशानुसार म.प्र. कांग्रेस कमेटी के अंतर्गत संचालित भूमि अधिग्रहण प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष पद पर देवेन्द्र कुमार पाठक दरोगा की नियुक्ति की गई है। उनकी नियुक्ति पर कांग्रेसजनों में हर्ष का माहौल है। इस अवसर पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने शीर्ष नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि श्री पाठक के कुशल एवं अनुभवपूर्ण नेतृत्व में भूमि अधिग्रहण से जुड़ी समस्याओं एवं विसंगतियों पर प्रभावी कार्य होगा। साथ ही प्रभावित नागरिकों को न्यायोचित अधिकार एवं उचित मुआवजा दिलाने की दिशा में ठोस पहल की जाएगी। पार्टी नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने देवेन्द्र कुमार पाठक को नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं देते हुए आशा जताई कि यह नियुक्ति संगठन को मजबूती प्रदान करेगी।

#### संकठा सिंह एवं सुरेश दुबे जिला संगठन महासचिव बने



**चितरंगी।** प्रदेश कांगेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के सहमिति से जिला कांग्रेस कमेटियों में जिला संगठन महासचिव नियुक्त किये गए हैं। जहां सिंगरौली शहर से सुरेश दुबे एवं सिंगरौली ग्रामीण से संकठा सिंह को संगठन महासचिव नियुक्त किया गया है। कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने दोनों नवनियुक्त संगठन जिला महासचिव को बधाई दी है।

# हमारी ताकत का आधार आप जैसे युवा कार्यकर्ता हैं : रामलल्लू

## बैसवार महासंघ का सम्मेलन आज, कार्यकारिणी की हुई बैठक

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 31 जनवरी । अखिल भारतीय बैसवार महासंघ की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक वार्ड क्रमांक 41 गनियारी बैढ़न में सिंगरौली हॉस्पिटल एण्ड रिसर्च सेंटर का नवीन परिसर के सभागार में सम्पन्न हुई।**



बैठक के आरम्भ में विद्या की अधिष्ठात्री देवी माँ वीणावादिनी, शक्ति की प्रतिमूर्ति जगत जननी माँ दुर्गा जी, भारत माता एवं अखिल भारतीय बैसवार महासंघ के संस्थापक स्व. ईश्वर प्रसाद सिंह बैस के प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया गया। तत्पश्चात राष्ट्रगान के साथ बैठक का शुभारंभ हुआ। बैठक में उपस्थित स्वजातीय कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामलल्लू बैस ने कहा कि समाज के विकास का शिक्षा से ही संभव है। सामाजिक एकता के लिए समाज में व्याप्त अंधविश्वास आपसी मतभेद को खत्म करना होगा। हमारी ताकत का आधार आप जैसे युवा कार्यकर्ता हैं। समाज को मजबूत बनाने की जवाबदारी समाज के हर कार्यकर्ताओं की है। कल का होने वाला महासम्मेलन देशवाल संस्कृति सामाजिक एकता का महासंगम होगा इसके माध्यम से समाज के रणनीति तय होगी। राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य पूर्व विधायक तीरथराज बैस ने कहा कि बैसवार महासंघ के विस्तार के लिए हम योग्य अनुभवी कार्यकर्ताओं का प्रदेश स्तर जिला स्तर एवं ब्लॉक स्तर पर कर चुके हैं। उनकी शीघ्र ही घोषणा होगी। महासंघ के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष जागबली बैस ने कहा कि बैसवार महासंघ के राष्ट्रीय कार्यालय के लिए जमीन उपलब्ध हो चुकी है समाज के दानदाताओं के सहयोग से राष्ट्रीय कार्यालय का निर्माण अपना स्वरूप शीघ्र ही लेने वाला है। राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में मुख्य रूप से वरिष्ठ नेता जगदीश प्रसाद बैसवार, बैसवार महासंघ के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष केपी सिंह बैस, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रामप्रसाद बैस, रामलला बैस, सह सचिव लालता प्रसाद बैस, सुरेन्द्र प्रताप सिंह बैस, रामलखन बैस, कार्यालय मंत्री लखपति प्रसाद बैस सहित अन्य मौजूद रहे।

# घायल सीआईएसएफ जवान ने तोड़ा दम, सवालों के कटघरे में पुलिस

## 12 वर्ष पूर्व तत्कालीन एसपी जयदेवन ने अवैध कारोबारियों पर कसा था नकेल, इसके बाद किसी अफसर ने नहीं दिखाया कड़ी कार्रवाई की साहस

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 31 जनवरी । एनसीएल अमलोरी परियोजना से आई यह खबर न सिर्फ झकझोर देने वाली है, बल्कि जिले की कानून-व्यवस्था पर एक करारा तमाचा भी है। 18 जनवरी की रात गश्त के दौरान बेरहमी से हमला झेलने वाला सीआईएसएफ का जवान आखिरकार इलाज के 12वें दिन वाराणसी में दम तोड़ दिया।**

इस घटना ने पूरे जिले में आक्रोश, शोक और गुस्से की लहर दौड़ा दी है। सवाल अब सिर्फ एक जवान की मौत का नहीं, बल्कि उस सिस्टम का है, जिसने कबाड़ माफिया को इस कदर बेखौफ बना दिया कि वे सुरक्षा बल के जवान को पीट-पीटकर अधमरा कर झाड़ियों में फेंक देते हैं। गौरतलब है कि मुताबिक नवानगर थाना क्षेत्र अंतर्गत एनसीएल अमलोरी खदान में सीआईएसएफ जवान 18 जनवरी की रात नियमित गश्त पर था। तभी अज्ञात कबाड़ गिरोह के सदस्यों ने अचानक हमला बोल दिया। जवान को पीठ, सिर पर लगातार डंडों से पीटा गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। हमलावर उसे मरणासन्न हालत में झाड़ियों में फेंक कर फरार हो गए। काफी देर बाद जवान को ढूंढा गया और पहले नेहरू चिकित्सालय जयंत में प्राथमिक उपचार दिया गया, जहां से हालत गंभीर होने पर उसे वाराणसी रेफर किया गया। तमाम प्रयासों के बावजूद शुक्रवार को इलाज के दौरान जवान ने दम तोड़ दिया। इस मौत के साथ ही पुलिस अधिकारियों की भूमिका पर बड़ा प्रश्नचिह्न खड़ा हो गया है। क्षेत्र में खुलेआम यह आरोप लग रहे हैं कि कबाड़ माफिया के हौसले यूं ही बुलंद नहीं हैं, बल्कि कहीं न कहीं उन्हें संरक्षण भी प्राप्त है। जिस तरह से सीआईएसएफ जवान पर सुनियोजित हमला किया गया, उसने पुलिस के तमाम दावों की पोल खोल दी है। लोग खुलकर कहने लगे हैं कि अगर पुलिस वास्तव में सख्त होती, तो कबाड़ी सुरक्षा बल पर हमला करने की हिम्मत नहीं करते।

### कबाड़ गिरोह खदानों में हैं सक्रिय

स्थानीय जानकारों का कहना है कि वर्ष 2013-14 में तत्कालीन एसपी जयदेव ने अवैध कारोबारियों पर सख्त नकेल कसी थी, जिसका असर साफ दिखाई देता था। लेकिन उसके बाद से कोई भी पुलिस अधिकारी अवैध कबाड़ कारोबार पर वैसी प्रभावी कार्रवाई नहीं कर सका। खासकर विस चुनाव के बाद से अवैध कारोबारियों की जैसे चांदी ही कट गई हो। खुलेआम कबाड़ की तस्करी, चोरी और हिंसा की घटनाएं सामने आ रही हैं, लेकिन ठोस कार्रवाई नदारद है। पुलिस अधिकारी चाहे जितना दावा कर लें कि जिले में कानून-व्यवस्था बेहतर है, लेकिन बैढ़न जोन में सीआईएसएफ जवान की हत्या इन दावों को हवा-हवाई साबित करती है। अगर सुरक्षा बल का जवान ही सुरक्षित नहीं है, तो आम नागरिक की सुरक्षा का क्या भरोसा, यही सवाल अब हर गली-चौराहे पर पूछा जा रहा है।

# एनटीपीसी को ऊंचाइयों तक पहुंचाने में आप सब का योगदान सराहनीय : साहा





नवभारत न्यूज

**विंध्यनगर 31 जनवरी । एनटीपीसी विंध्याचल परियोजना में अपनी दीर्घ सेवा देने के पश्चात कुल 4 कर्मचारी सेवानिवृत्त हुए। सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारी इस प्रकार से हैं- आनंद कुमार उप प्रबंधक, बंशी राम सहायक प्रबंधक, गोरे लाल उप अभियंता एवं रमाकांत प्रचालक शामिल रहे।**

सर्वप्रथम सेवानिवृत होने वाले सभी कर्मचारियों द्वारा सूर्या भवन के प्रांगण में पर्यावरण संरक्षण की प्रतिबद्धता को दोहराते हुये वृक्षारोपण किया गया। इसके पश्चात एनटीपीसी प्रबंधन द्वारा सेवानिवृत्त होने वाले सभी कर्मचारियों का सम्मान परियोजना के उमंग भवन के सभागार में किया गया। स्वागत की कड़ी में परियोजना प्रमुख संजीब कुमार साहा एवं महाप्रबंधक, एम सुरेश नें सभी सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों का पुष्पमाला से स्वागत किया।

इस अवसर पर मुख्य महा. संजीब कुमार साहा ने सभी सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों की सराहना करते हुए कहा कि एनटीपीसी को वर्तमान ऊंचाइयों तक पहुंचाने में आपके योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा ।





# विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार की कार्यशाला आयोजित

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 31 जनवरी ।** केंद्र सरकार की बहुउद्देशीय एवं रोजगार संवर्धन के दृष्टिकोण से प्रारंभ की गई योजना जी राम जी के संदर्भ में भाजपा जिले की विशेष कार्यशाला सम्पन्न हुई। कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में राज्यमंत्री राधा सिंह उपस्थित रहीं तथा कार्यशाला को संबोधित करने के लिए मुख्य वक्ता के रूप में लोकसभा सांसद डॉ. राजेश मिश्रा मौजूद रहे। कार्यशाला की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष सुंदरलाल शाह ने की तथा विशिष्ट अतिथिगण मंचासीन रहे।

# केकराव वॉलीबॉल प्रतियोगिता में तियरा बनी चैंपियन

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 31 जनवरी । चितरंगी विकासखंड मुख्यालय के समीप ग्राम पंचायत क्षेत्र ओडनी के केकराव में बीते तीन दिनों से लगातार तीन दिवसीय केकराव वॉलीबाल टूर्नामेंट का आयोजन स्वामी विवेकानंद व नेता सुभाषचंद्र बोस के स्मृति में आयोजन किया गया था।**



फाइनल मुकाबले में सिंगरौली स्टेडियम टीम को तियरा ने हराकर विजय बनकर दर्शकों का मन मोह लिया और आपको बताते चले कि यह आयोजन पिछले दो वर्षों से लगातार आयोजन समिति के माध्यम से हो रही है। साथ ही इस पूरे आयोजन टीम में 12 टीम में भाग लेकर प्रतियोगिता को संपन्न की है, जिसमें उ.प्र.-म.प्र. छत्तीसगढ़ जैसे राज्यों की विशेष टीम और खिलाड़ी भाग लेकर प्रतियोगिता में भाग लिया।

इस आयोजन टूर्नामेंट को ग्रामीणों द्वारा स्थानीय रूप से आयोजन समिति के माध्यम से सम्पन्न कराया गया। फाइनल मुकाबले में मुख्य अतिथि के रूप में जिपं सदस्य कमलेंद्र प्रताप सिंह कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के तौर पर जनपद उपाध्यक्ष कौशल प्रताप सिंह, कार्यक्रम फाइनल मुकाबले के अध्यक्षता के तौर पर अधिवक्ता संघ चितरंगी के अध्यक्ष विष्णु प्रताप सिंह, विशिष्ट अतिथि के तौर पर सीताराम सिंह बैस जिपं सदस्य अशोक सिंह पैगाम, कोरावल विकास मंच के अध्यक्ष डॉ. रमाशंकर सिंह, उत्कृष्ट विद्यालय चितरंगी के प्राचार्य जेजे भारती सहित क्षेत्र के सैकड़ो की तादाद में जनप्रतिनिधि युवा समाजसेवी गणमान्य जन मौजूद रहे।

# एनटीपीसी सिंगरौली की खेलकूद प्रतियोगिता अंतिम चरण में

नवभारत न्यूज

**शक्तिनगर 31 जनवरी । एनटीपीसी सिंगरौली के सीएसआर विभाग द्वारा आयोजित तीन दिवसीय ग्रामीण खेलकूद प्रतियोगिता अब अपने अंतिम चरण की ओर अग्रसर है।**



प्रतियोगिता के दूसरे दिन भी खिलाड़ियों में अपार उत्साह, अनुशासन एवं स्वस्थ प्रतिस्पर्धा का भाव देखने को मिला। दूसरे दिन 400 मीटर, 200 मीटर एवं 100 मीटर दौड़, क्रिकेट, रिले रेस, लंबी कूद, फुटबॉल, वॉलीबॉल, कबड्डी एवं रस्सा कस्सी सहित विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। अब तक संपन्न सभी प्रतिस्पर्धाओं में ग्रामीण खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट खेल भावना एवं शानदार प्रदर्शन का परिचय देते हुए दर्शकों का भरपूर उत्साहवर्धन किया। एथलेटिक्स एवं टीम स्पर्धाओं में विभिन्न गांवों के खिलाड़ियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया तथा कई मुकाबले अत्यंत रोमांचक एवं निर्णायक क्षणों से भरपूर रहे। विशेष रूप से कबड्डी एवं रस्सा कस्सी जैसी टीम स्पर्धाओं में महिला एवं पुरुष खिलाड़ियों का जोश, समर्पण एवं सामूहिक भावना सराहनीय रही।



# हिण्डालको में सड़क सुरक्षा माह समारोह आयोजित

नवभारत न्यूज

**अनपरा 31 जनवरी ।** हिण्डालको रेनुसागर के यूनिट हेड आर पी सिंह के निर्देशन में हिण्डालको रेनुसागर में सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत आयोजित विविध कार्यक्रमों के वातावरण के साथ समापन समारोह सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का आयोजन रोड़ एवं ड्राइविंग सेफ्टी टास्क फोर्स के तत्वाधान में पैराडाइज प्रेक्षागृह रेनुसागर में 30 दिसम्बर को किया गया, जिसमें कर्मचारियों, संविदाकर्मियों एवं आम नागरिकों को सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूक किया गया।

# सॉफ्ट स्किल्स के धनी, कठिन परिस्थितियों से पार पाने वाले समाधानकर्ता रहे हैं : सुनील

## जनवरी माह में एनसीएल से निदेशक तकनीकी, संचालन सहित 58 कर्मी हुए सेवानिवृत्त, भावभीनी दी गई विदाई

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 31 जनवरी । एनसीएल के निदेशक तकनीकी, संचालन सुनील प्रसाद सिंह सहित 8 अधिकारी और 50 कर्मचारी सेवानिवृत्त हुए। एनसीएल मुख्यालय से सुनील प्रसाद सिंह निदेशक तकनीकी/संचालन, राम हरख प्रसाद सहायक पर्यवेक्षक इलेक्ट्रिकल, रंजीत, सहायक पर्यवेक्षक परिवहन, राजस्व विभाग सेवानिवृत्त हुए।**

इन सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के सम्मान में एनसीएल मुख्यालय में अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। सेवानिवृत्त हो रहे एनसीएल के निदेशक तकनीकी/संचालन सुनील प्रसाद सिंह ने अभिनंदन समारोह के दौरान सेवानिवृत्ति को जीवन का एक पड़ाव बताया। साथ ही पूर्व की स्मृतियों के आलोक में सभी को सहयोग, प्रेम और मार्गदर्शन के लिए धन्यवाद दिया। साथ ही पेशेवर जिन्दगी की सफलताओं का श्रेय एनसीएल सहित कोल इंडिया को दिया। इस अवसर पर कंपनी के





अध्यक्ष सह-प्रबंध निदेशक बी साईराम निदेशक मनीष कुमार, निदेशक रजनीश नारायण, निदेशक आशुतोष द्विवेदी, मुख्यालय के विभागाध्यक्ष अन्य अधिकारीगण, कर्मचारीगण तथा बड़ी संख्या में सेवानिवृत्त कर्मियों के परिजन मौजूद रहे। अभिनंदन समारोह के दौरान एनसीएल के अध्यक्ष सह-प्रबंध निदेशक बी साईराम ने कहा कि सुनील प्रसाद सिंह सौम्य, शांत एवं सरल व्यक्तितत्व के धनी होने के साथ-साथ एक कुशल निर्णयकर्ता, सभी को साथ लेकर चलने वाले, सॉफ्ट स्किल्स के धनी, कठिन परिस्थितियों से पार पाने वाले समाधानकर्ता रहे हैं। उन्होंने कंपनी की उत्कृष्टता में सेवानिवृत्त हो रहे कर्मियों के बहुमूल्य योगदान की सराहना की तथा उन्हें कंपनी की सुदृढ़ आधारशिला रखने के लिए उनके स्वस्थ, सुखद एवं उद्देश्यपूर्ण जीवन की कामना की। सहित अन्य ने भी संबोधित किया। समारोह में सेवानिवृत्त हो रहे कर्मियों ने अपने कार्यकाल की स्मृतियों को साझा किया।